# मेट्रो का विज्ञापन अधिकार निजी कंपनी के पास

■ **वसं, मुंबई :** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने मेट्रो स्टेशन और मेट्रो ट्रेन के भीतर विज्ञापन करने का अधिकार 15 वर्ष के लिए निजी कंपनी को सौंप दिया है। कंपनी को 27 मेट्रो स्टेशन और 31 ट्रेन के भीतर विज्ञापन का अधिकार दिया गया है। इस तहत कंपनी को मेट्रो परिसर का करीब 20 हजार वर्ग फुट परिसर में विज्ञापन का अधिकार प्राप्त हो गया है। एमएमआरसी ने यात्री किराए के अतिरिक्त कमाई के अन्य स्रोत तैयार करने के लिए यह निर्णय लिया है। आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। एमएमआरसी को मेट्रो की इस लाइन से रोजाना लाखों यात्रियों के सफर करने की उम्मीद है। आगामी एक से दो महीने में आरे से बीकेसी और वर्ष के अंत तक पूरे मार्ग पर सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

एमएमआरसी ने 15 वर्ष के लिए सौंपे अधिकार

AI Image

**वीलचेयर वाले यात्रियों का टिकट लेना आसान:** वीलचेयर पर आने वाले यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी न हो, इसके लिए मेट्रो स्टेशनों पर कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर बनाए जा रहे हैं। साथ ही, दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर में लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। ट्रेन के भीतर भी दिव्यांग यात्रियों के लिए सीट आरक्षित रखी गई है।